बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय
विकास भवन, नया सचिवालय, पटना–15

हमारा बिहार

बिहार सरकार

पत्रांक– 14 आपदा 01/2024 .... **दिनांक– ..../.........../2026**

प्रेषक,

डॉ0 सुनील कुमार ठाकुर,
संयुक्त निदेशक (प0 स्वा0)।

सेवा में,

सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी,
बिहार।

विषय :– **संभावित बाढ़/सुखाड़, 2026 एवं अन्य आपदाओं हेतु सुखा चारा का दर एवं आपूर्तिकर्त्ता का निर्धारण करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बाढ़/सुखाड़ सहाय्य कार्य एवं अन्य आपदाओं के लिए पशु चारा की व्यवस्था एवं भण्डारण चुनौतीपूर्ण कार्य है। ससमय चारा का दर निर्धारित नहीं हो पाने एवं चारा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में समस्या हो सकती है। अतएव चारा की आवश्यक मात्रा की गणना एवं उपलब्धता के स्रोत तथा अनुमानित लागत मूल्य का आकलन समय से पहले किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः उक्त परिप्रेक्ष्य में निदेश दिया जाता है कि बाढ़/सुखाड़, 2026 एवं अन्य आपदाओं को दृष्टिगोचर रखते हुए सुखा चारा की व्यवस्था हेतु दर एवं आपूर्तिकर्त्ता का निर्धारण शीघ्र पूर्ण करते हुये अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

प्रस्ताव पर निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन

ह0/–

संयुक्त निदेशक (प0 स्वा0)।

ज्ञापांक :– 14 आपदा 01/2024...1188 (नि0)/ पटना–15, दिनांक ...17.../...03.../2026

प्रतिलिपिः– सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– विभागीय आई0 टी0 प्रबंधक को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड एवं संबधित पदाधिकारी को ई–मेल करने हेतु प्रेषित।

17/3/26

संयुक्त निदेशक (प0 स्वा0)।